मुन्नी बदनाम हुई पर जैकलीन संग जमकर नाचे सलमान

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सलमान खान हाल ही में दुबई गए, जहां उन्होंने अपने दबंग टूर में न सिर्फ जमकर ठुमकर लगाए, बल्कि दबंग 3 को भी प्रमोट किया। इस दौरान सलमान के साथ फिल्म की पूरी कास्ट मौजूद थी। सलमान ने दबंग के गाने मुन्नी बदनाम हुई पर जैकलीन फर्नांडिस के साथ डांस किया, जिसका विडियो मनीष पॉल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। लगता है कि इस परफॉर्मेंस के दौरान जैकलीन शायद अपने डांस स्टेप्स भूल गई थीं। उन्होंने मनीष के इस पोस्ट पर लिखा है, और मैंने अपने स्टेप्स गड़बड़ कर दिए। बात करें दबंग 3 की, तो यह इस साल क्रिसमस पर रिलीज होगी। कहा जा रहा है कि इसमें भी एक खास आइटम नंबर होगा, जिसके बोल होंगे मुन्ना बदनाम हुआ। फिल्म में सलमान के अलावा सोनाक्षी सिन्हा,साई मांजरेकर और साउथ फिल्मों के स्टार किच्चा सुदीप नजर आएंगे।

फिल्म 83 में कपिल देव का आइकॉनिक नटराज शॉट करते दिखेंगे रणवीर सिंह: फिल्म 83 में रणवीर सिंह दिग्गज भारतीय क्रिकेटर कपिल देव का किरदार निभाते दिखेंगे। इसके लिए उन्होंने न सिर्फ लुक्स को लेकर बल्कि कपिल जैसे शॉट्स लगा सकने के लिए भी जमकर मेहनत की है। इस मेहनत का फल रणवीर के नटराज शॉट के फोटो में देखा जा सकता है जिसमें वह कपिल देव के इस फेमस पोज को परफेक्ट तरीके से करते दिख रहे हैं। इस फोटो को खुद रणवीर ने शेयर किया है। बता दें कि यह शॉट कपिल ने उस दौरान लगाया था जब 1983 में हुए वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम ने जिम्बाब्वे का सामना किया था। इस सेमिफाइनल मैच में कपिल ने 175 रन की नाबाद पारी खेली थी।

असल जिंदगी में टिकटॉक से दूर रहती हैं यामी

फिल्म बाला को क्रिटिक्स और फैंस का भरपूर प्यार मिल रहा है। फिल्म के हर किरदार से फैंस खुद को रिलेट कर पा रहे हैं। आपको बता दें, फिल्म में यामी गौतम के किरदार परी ने फैंस को बहुत चौंका दिया है। फिल्म में टिकटॉक सुपरस्टार बनीं यामी की ऐक्टिंग को देखकर ऐसा बिलकुल नहीं लगता है कि उन्हें असल जिंदगी में टिकटॉक चलाना नहीं आता था।

आपको शायद यकीन न हो, लेकिन यामी असल जिंदगी में टिकटॉक की दुनिया से कोसों दूर हैं। बकौल यामी, फिल्म में मेरा किरदार टिकटॉक को बहुत पसंद करता है और दिन भर विडियोज बनाता रहता है।

असल जिंदगी में मुझे टिकटॉक का ट भी नहीं पता है। मुझे तो टिकटॉप ऑपरेट भी करना नहीं आता था। जब मैंने पहली बार अपना अकाउंट बनाया, तो देखकर हैरान हो गई। टिकटॉक तो एक अलग ही दुनिया है। यह बहुत ही फनी और एंटरटेनिंग है, हालांकि वहां लोग विडियोज को बहुत ही सीरियसली और प्रफेशनल तरीके से बनाते हैं। दस सेकंड के विडियो में उन्हें अपनी क्रिएटिविटी भी दिखानी है।

मैंने विडियोज देखकर यही सोचा कि यह तो मैं हूं ही नहीं। मैं खुद को इस तरह से नहीं देख पा रही थी। चूंकि किरदार के लिए यह सब करना था, तो मैंने अलग अकाउंट से खुद के विडियोज बनाए हैं, हालांकि उसे पोस्ट आजतक नहीं किया है। शूटिंग के बाद मैंने अब टिकटॉक खोला ही नहीं है, क्योंकि यह मुझसे नहीं हो पाएगा।

निकम्मा से ऐक्टिंग की दुनिया में वापसी करने जा रही शिल्पा शेट्टी

ऐक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी का कहना है कि 13 साल तक फिल्मों से दूरी बनाने का फैसला उनका खुद का था और ऐसा उन्होंने सोच-समझकर ही किया था। शिल्पा शब्बीर खान की ऐक्शन फिल्म निकम्मा से ऐक्टिंग की दुनिया में वापसी करने जा रही हैं। इस 13 साल लंबे ब्रेक के बारे में बात करते हुए शिल्पा ने कहा, मैं इस इंडस्ट्री का हिस्सा पहले भी रही हूं और अभी भी कहीं न कहीं मैं इसका हिस्सा बनी रही हूं। जब आप लाइमलाइट में नहीं रहते हैं तो आप इस चीज को मिस करते हैं, आपको लगने लगता है कि आप फेम से दूर होते जा रहे हैं, लोग आपको भूलते जा रहे हैं। मैंने इसे कभी मिस नहीं किया, क्योंकि मैं तभी भी टेलिविजन में काम कर रही थी। ब्रेक लेने का फैसला मेरा खुद का और यह सोचा-समझा था। साल 2007 में आई फिल्म लाइफ इन ए मेट्रो और अपने में शिल्पा आखिरी बार बड़े पर्दे पर नजर आई थीं। ऐक्टिंग में अपने अब तक के सफर को पीछे मुड़कर देखते हुए शिल्पा कहती हैं, ऐक्टर बनना किस्मत में था। 15 साल की थी तब एक इवेंट में गई हुई थी वहां एक आदमी ने मुझे देखा और मुझे अपनी तस्वीरें खिंचवाने को कहा। अगले दिन, एक शो के सेट पर उन तस्वीरों को बांट दिया गया और तब मुझे काम मिलना शुरू हुआ। शिल्पा ने लव, लाफ, लाइव शो के एक एपिसोड में अपने करियर और अपनी निजी जिंदगी का खुलासा किया है।